INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

संक्रमण और बढ़ने की आशंका

By : Editor Published On : 30 Nov, 2020 04:05 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़
लखनऊ,
उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल ने लोक भवन में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सभी नागरिकों से अपील है कि कोविड-19 के प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत पालन अवश्य करें। कोविड-19 से बचाव हेतु सतर्कता बरतने की बहुत ही आवश्यकता है। शादी समारोह/सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनें, हाथ धोते रहें, सोशल डिस्टेंसिंग रखें तथा भीड़भाड़ से दूरी बनाये रखें। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कोरोना संक्रमण की दर पुनः बढ़ने से प्रदेश के दिल्ली से सटे हुए जनपदों में भी संक्रमण के बढ़ने की आशंका है जिसके लिए पूरी तैयारी एवं सावधानी बरती जाय। प्रदेश के हॉट स्पॉट एरिया तथा कन्टेनमेंट जोन में कुछ केस की बढ़ोत्तरी हुई है।

श्री सहगल ने बताया कि आर्थिक गतिविधियां और अधिक तेजी से बढ़ें, इसके लिए प्रदेश सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है। रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए तथा आर्थिक गतिविधियां को और बढ़ाने के लिए सरकार के प्रोत्साहन से नई एम0एस0एम0ई0 इकाइयां खुल रही है। आत्मनिर्भर पैकेज में जो पूर्व से विद्यमान एमएसएमई इकाईयां उनकी कार्य पूंजी की समस्या, जीएसटी रिफण्ड की समस्या तथा विभागों से भुगतान की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा एमएसएमई साथी ऐप तथा उेउमेंजीपण्पद वेबसाइट भी शुरू की गयी है। ऐसे सभी एमएसएमई जिनको किसी भी प्रकार की समस्या हो वो अपना विवरण दर्ज करा सकते हैं। उसका अनुश्रवण करके उनकी समस्याओं का निजात दिलाया जायेगा। पुरानी इकाइयों को कार्यशील पूंजी की समस्या से निजात दिलाने के लिए बैंकों से समन्वय करके आत्मनिर्भर पैकेज में 4.37 लाख इकाईयों को रू0 11,062 करोड़ के ऋण बैंकों से समन्वय स्थापित कर स्वीकृत कर वितरित किये जा रहे हैं। इसी प्रकार प्रदेश में नये उद्योगों की स्थापना पर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। सरकार बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करके नये उद्योगों की स्थापना करा रही है।

श्री सहगल ने बताया कि निवेश प्रोत्साहन के लिए इसके अतिरिक्त 22 विभागों में उद्योगों से सम्बंधित नीतियां बदली गयी हैं और उनमें संशोधन किया गया है। जिससे अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश में निवेश किये जा सकें। उन्होंने बताया कि नगर निगम लखनऊ द्वारा जो पब्लिक में बॉन्ड जारी किये गये थे। वो बॉन्ड ओवर सब्सक्राइब हुए थे और उनक बॉन्ड पब्लिक लिस्टिंग दिनांक 02 दिसम्बर, 2020 मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज में होगा। मा0 मुख्यमंत्री जी स्वयं स्टॉक एक्सचेंज की बेल बजाकर उसका लिस्टिंग का कार्य करायेंगे। प्रदेश में कोरोना काल में भी लगभग 52 विदेशी कम्पनियों 45 हजार करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है जिसपर कार्यवाही चल रही है। पूर्व में 4 लाख 68 हजार करोड़ रूपए के जो इन्वेस्टर समिट में जो निवेश आये थे, उनपर कार्यवाही चल रही है अथवा पूरी हो चुकी है। प्रदेश में रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने के लिए 6.48 लाख नई एम0एस0एम0ई0 इकाइयां को 19,772 करोड़ रूपये का ऋण दिया गया है। उन्होंने बताया कि नई एमएसएमई इकाईयों से लगभग 25 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। रोजगार के और अधिक अवसर पैदा हों विशेषकर छोटे और लघु उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित कर लोगों को नौकरी उपलब्ध करायी जा रही है।

श्री सहगल ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर निरन्तर धान खरीद की समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसानों के धान की खरीद समय से हो तथा उन्हें धान व मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य अवश्य मिले। धान और मक्का की खरीद का भुगतान 72 घंटे के अन्दर सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि जिलाधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा क्रय केन्द्र सुचारू रूप से कार्य करे। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। धान क्रय केन्द्रों पर शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी होगी। धान क्रय केन्द्रों पर जिलाधिकारी निरन्तर अनुश्रवण तथा आकस्मिक निरीक्षण करें। किसानों से निरन्तर धान की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 223.85 लाख कु0 धान की खरीद की जा चुकी है। जो पिछले वर्ष से डेढ़ गुना अधिक धान की खरीद की गयी है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 2,48,031.80 कु0 मक्का की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पीसीएफ के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा धान खरीद पर

लापरवाही बरतने पर उनपर कार्यवाही की गयी है।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,52,530 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 1,93,22,658 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 2044 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 24,099 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। होम आइसोलेशन में 11,306 लोग हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 2234 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त बाकी मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों मंे अपना ईलाज करा रहे हंै। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 2472 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब तक कुल 5,12,028 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में रिकवरी का प्रतिशत 94.14 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,66,397 क्षेत्रों में 4,70,930 टीम दिवस के माध्यम से 2,96,77,426 घरों के 14,50,26,393 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रदेश में 65,483 कोविड हेल्प डेस्क के माध्यम से 10,16,878 व्यक्तियों में लक्षणात्मक चिन्हांकन किया गया है। उन्हांेने बताया कि पिछले वर्ष 01 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2019 तक 39,244 मेजर सर्जरी की गयी है, इसी अवधि में इस वर्ष 01 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2020 तक 38,243 मेजर सर्जरी की गयी है।

श्री प्रसाद ने बताया कि 29 अक्टूबर से 12 नवम्बर, 2020 तक जो फोकस टेस्टिंग कराई गयी थी। फोकस टेस्टिंग के अनुसार टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, रिक्शा चालकों के 55,741 सैम्पल में से 413 पॉजीटिव मिले हैं। इसी प्रकार करवा चैथ के पहले जो लोग मेंहदी लगाते हैं, ब्यूटी पार्लर है पूरे प्रदेश में सैम्पलिंग की गयी थी जिसमें 53,916 में से 422 पॉजीटिव मिले थे। इसी प्रकार जो मिठाई की दुकानों में कार्य करने वाले लोगों में 1,19,145 सैम्पल में से 2,172 लोग पॉजीटिव पाये गये थी। रेस्टोरेंट में 60,702 सैम्पल में से 416 पॉजीटिव पाये गये थे। धर्म स्थलों पर 1,14,976 सैम्पल में से 2,438 पॉजीटिव पाये गये थे। शॉपिंग मॉल में 1,16,054 सैम्पल में से 1025 पॉजीटिव पाये गये थे। इलेक्ट्रॉनिक्स और व्हीकल शोरूम में 1,15,986 सैम्पल में से 1079 पॉजीटिव पाये गये थे। स्ट्रीट वेण्डर्स में 1,17,767 सैम्पल में से 2275 पॉजीटिव पाये गये थे। दवा की दुकान/नर्सिंग होम में 62,786 सैम्पल में से 1650 पॉजीटिव पाये गये थे। पटाका मार्केट वेण्डर्स/फल/सब्जी वेण्डर्स के सैम्पल में 57,548 में से 400 पॉजीटिव पाये गये थे।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/संक्रमण-और-बढ़ने-की-आशंका/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.